>

Title: Need to provide funds for drinking water schemes and connecting villages through roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Fatehpur district, Uttar Pradesh.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): फतेहपुर जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की समस्या बहुत ही गंभीर स्थिति में है। साथ ही क्षेत्र का भूजल का स्तर भी नीचे गिर चुका है जिस कारण से यहां के लोगों को पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। फतेहपुर गंगा व यमुना दो नदियों के बीच में स्थित है फिर भी यहां स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भूजल का स्तर गिर जाने के कारण हैंडपम्पों का पानी भी सूख गया है। इन हैंडपम्पों की पुनः बोरिंग करने की आवश्यकता है। साथ ही शहरी व देहात क्षेत्रों में और अधिक हैंडपम्पों का लगाया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है जिससे पेयजल की बढ़ती समस्या को दूर किया जा सके।

फतेहपुर के सभी ग्रामों को अभी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नहीं जोड़ा गया है जिससे ग्रामीण किसानों को कृषि संबंधित कार्य व अपनी उपज को ग्राम से मंडियों व अन्य स्थानों में ले जाने के लिए काफी असुविधा के साथ समय बर्बाद करना पड़ता है जिस कारण से उन्हें अपनी उपजों का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। फतेहपुर जनपद के सभी ग्रामों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाए।

अतः केन्द्र सरकार से मांग है कि वह फतेहपुर जनपद की दोनों योजनाओं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए अत्यधिक धनराशि प्रदान की जाए जिससे फतेहपुर क्षेत्र की उपरोक्त दोनों योजनाओं का लाभ यहां की जनता को मिल सके।